पदाधिकारियों के साथ बैठे भागवत प्रतिनिधि सभा की तैयारी पर चर्चा

- उत्तर-पूर्व क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ मंथन कर रहे हैं भागवत

सांगठनिक कामकाज की हो रही समीक्षा, देश भर के 11 क्षेत्रों में सरसंघ चालक करेंगे बैठक

आइआइएम पहुंचे आरएसएस के सरसंघ चालक मोहन भागवत.

वरीय संवाददाता ▷ रांची

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने सांगठनिक कामकाज की समीक्षा में जुटी है. सर संघचालक मोहन भागवत उत्तर-पूर्व क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ सांगठनिक कामकाज की समीक्षा कर रहे हैं और रिपोर्ट ले रहे हैं. शुक्रवार को सर संघचालक श्री भागवत राजधानी के माहेश्वरी धर्मशाला में संघ के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की. उत्तर पूर्व क्षेत्र में उत्तरी बिहार, दक्षिणी बिहार और झारखंड के संघ कार्यकर्ता शामिल हुए. मार्च में बेंगलुरु में आयोजित प्रतिनिधिसभा की तैयारी को लेकर चर्चा हुई. इसमें राष्ट्रीय स्तर पर लिये जानेवाले एजेंडे व कार्य योजना पर विचार रखे गये. उल्लेखनीय है कि प्रतिनिधि सभा से पूर्व सर संघचालक देश भर के सभी 11 क्षेत्रों में बैठक लेंगे. इसमें हर क्षेत्र में संगठन के विस्तार को लेकर भी रणनीति बनेगी. राष्ट्रवाद, देश के सांस्कृतिक व सामाजिक उत्थान को लेकर संघ आनेवाले दिनों के लिए कार्यभार तय करेगा.

आइआइएम पहुंच सर संघचालक, शिक्षक-छात्रों से किया संवाद : सर संघचालक आइआइएम पहुंचे. उन्होंने आइआइएम के निदेशक डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह से भेंट की. सरसंघ चालक ने संस्थान के शिक्षक और छात्रों से संवाद किया. उन्होंने संघ के द्वारा शैक्षणिक उत्थान और राष्ट्रवाद को लेकर अपने विचार साझा किये.

Prabhat Khabar, 22.02.2020, Pg. 09